# हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रव्यापी आंदोलन

## सीएम डॉ . यादव ने अभियान में सभी से सहभागिता की अपील की

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश अपनी स्वतंत्रता के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है. अमृत काल में हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय ध्वज को हर भारतीय के घर तक पहुंचाने वाला एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है.**

यह हमारी साझा पहचान, स्वतंत्रता और एकता का एक भव्य उत्सव है, जो तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है. यह केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के सामूहिक गौरव और आकांक्षाओं का जीवंत प्रतिनिधित्व है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान 2025 में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है. यह अभियान 2 अगस्त से शुरू हुआ है जो 15 अगस्त तक चलेगा. यह देश की स्वतंत्रता और एकता का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है, जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है.

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव के अहम भाग के रूप में शुरू हुआ.



यह अभियान अब एक शक्तिशाली जन आंदोलन बन चुका है, जिसमें पूरे भारत और दुनिया भर के भारतीय ले रहे हैं. इसका लक्ष्य प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रगाढ़ करना है. तिरंगा, एक अद्वितीय और सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में, एक शक्तिशाली एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करता है. यह अभियान प्रभावी ढंग से देशवासियों में अपनेपन की सामूहिक भावना को बढ़ावा देगा.

इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान 2 अगस्त से शुरू होकर तीन शक्तिशाली चरणों में चलेगा, जिसमें जागरूकता निर्माण और जन जुड़ाव पर जोर दिया जाएगा.

इस वर्ष के अभियान का विषय स्वैच्छिक कार्यों, नागरिक गौरव, स्वच्छता अभियान और हमारे सशस्त्र बलों तथा पुलिस कर्मियों के प्रति कृतज्ञता पर विशेष ध्यान केंद्रित करता है. यह झंडा फहराने से आगे बढ़कर सक्रिय नागरिकता को बढ़ावा देता है. अभियान में तिरंगा-प्रेरित कला, संगीत समारोह, प्रदर्शनियां, रैलियां, पुलिस कर्मियों और सैनिकों को राखियां और पत्र भेजना, क्विज़ और देशभक्ति फिल्मों की स्क्रीनिंग सहित कई प्रेरक कार्यक्रम और गतिविधियां शामिल हैं.

अभियान में पहले चरण 8 अगस्त तक जागरूकता बढ़ाने और तिरंगे की भावना को जन-जन तक पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है. इसमें विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा पर केंद्रित रंगोली निर्माण, प्रमुख स्थानों पर तिरंगे के इतिहास और महत्व पर आधारित प्रदर्शनी, पुलिस कर्मियों और सैनिकों को राखियां और पत्र भेजना, शासकीय भवनों पर तिरंगा रौशनी से प्रकाशित करना आदि गतिविधियां हुईं. दूसरे चरण में 9 अगस्त से 12 अगस्त तक लोगों के बीच सामुदायिक जुड़ाव और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा.

### जबलपुर में 23 को प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओवर का गडकरी और यादव करेंगे लोकार्पण

**भोपाल.** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में निर्मित मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर का 23 अगस्त को लोकार्पण करेंगे. 6.855 किलोमीटर लंबाई वाला यह फ्लाईओवर 1052 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार किया गया है. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गत दिवस नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर फ्लायओवर के लोकार्पण के लिये आमंत्रित किया था, केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने 23 अगस्त को जबलपुर में कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी. यह फ्लाईओवर जबलपुर शहर के यातायात दबाव को कम करेगा और प्रदेश में आधुनिक आधारभूत संरचना के क्षेत्र में एक नया मानक भी स्थापित करेगा.

### एक नजर में



#### बहन-बेटियों को संस्कृति से जुड़े संस्कार दें

**भोपाल.** नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि बहन-बेटियों को भारतीय संस्कृति से जुड़े संस्कार दें. ऐसा करके हम समाज में आदर्श परिवार के उदाहरण को प्रस्तुत कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि समाज में कई असामाजिक तत्व बेटियों को गलत रास्ते पर ले जाने के प्रयास कर रहे हैं. हम सबको मिलकर इससे सावधान रहने की जरूरत है.

#### मणिपुर में अकोदिया का जवान शहीद

**शाजापुर.** मणिपुर में तैनात सीआरपीएफ जवान मोहित सेन की ड्यूटी के दौरान एक्सीडेंट में मौत हो गई है. मोहित रानी बड़ौद गांव के रहने वाले थे. उनकी गुरुवार रात को दुर्घटना हुई थी, इसकी जानकारी परिजनों को शुक्रवार सुबह मिली. मोहित सीआरपीएफ की 120 बटालियन में तैनात थे, उनकी पोस्टिंग मणिपुर में दो साल पहले हुई थी. मोहित ने शुजालपुर में अपनी पढ़ाई पूरी की थी. उनके पिता का नाम आनंदीलाल सेन है. परिवार में मोहित की मौत का समाचार मिलने के बाद से मातम छाया हुआ है. गांव में भी शोक की लहर है. राखी के बाद मोहित की सगाई होने वाली थी इसकी तैयारियां चल रही थी. गरीब परिवार से आने वाले मोहित को उनके पिता ने अच्छी शिक्षा दिलाई थी. अकोदिया थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि मोहित का पार्थिव शरीर शुक्रवार रात भोपाल एयरपोर्ट पर आएगा. शनिवार को सुबह 8 बजे अकोदिया बस स्टैंड से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी.

#### राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार

**भोपाल.** स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर अपर संचालक रवीन्द्र कुमार सिंह को अपने वर्तमान दायित्व के साथ संचालक राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड और निदेशक महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान का प्रभार सौंपा है. सिंह वर्तमान में सांदिपनी विद्यालयों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का भी कार्य देख रहे हैं.

# मप्र को मिला राष्ट्रीय ई गवर्नेंस पुरस्कार

## संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर के लिए स्वर्ण श्रेणी का सम्मान

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर 10 अक्टूबर 2024 को राज्य स्तर पर शुरू किए गए संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर ने मप्र को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है.**

इस अभिनव पहल को वर्ष 2025 का राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार में स्वर्ण श्रेणी का सम्मान प्राप्त हुआ है. भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा यह पुरस्कार गवर्मेंट प्रोसेस रि-इंजीनियरिंग बाय यूजन ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर डिजिटल ट्रांसफार्मेशन श्रेणी में प्रदान किया जा रहा है.

**2.0 ने मप्र को डिजिटल भूमि प्रबंधन के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनाया है**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों, वाणिज्यिक कर विभाग, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक तथा परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि संपदा 2.0 ने मप्र को डिजिटल भूमि प्रबंधन के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनाया है.

> यह पहल न केवल पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाएगी, बल्कि लोगों को बिना कार्यालय आए, सुरक्षित और सरल तरीके से पंजीयन सुविधा उपलब्ध कराएगी. यह हमारे डिजिटल और सुशासन के संकल्प का महत्वपूर्ण कदम है. यह सम्मान 28वें नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ई-गवर्नेंस में प्रदान किया जाएगा. पुरस्कार की घोषणा केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे एवं पुष्टिकरण की तीन-स्तरीय प्रक्रिया के बाद की गई है.

# नगर पालिकाओं में अध्यक्ष की कुर्सी पर घमासान

**अब कार्यकाल साढ़े चार साल करने की सुगबुगाहट**

**मुख्यमंत्री से मिले कई अध्यक्ष कैबिनेट में आ सकता प्रस्ताव**

**40 नगर पालिकाओं में अध्यक्षों को हटाने की कवायद हो गई तेज**

**3 वर्षों तक अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव न लाने का निर्णय लिया था**

**सचिन तिवारी, नव भारत न्यूज**

**विदिशा, 8 अगस्त. प्रदेश की नगर पालिकाओं में एक बार फिर राजनीतिक उथल-पुथल तेज हो गई है.**

पूर्व में प्रदेश सरकार ने 3 वर्षों तक अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव न लाने का निर्णय लिया था, लेकिन अब 3 वर्ष पूरे होने के बाद विदिशा सहित प्रदेश की करीब 40 नगर



पालिकाओं में अध्यक्षों को हटाने की कवायद तेज हो गई है. सूत्रों की मानें तो इन बढ़ते विरोधों और राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए प्रदेश सरकार अब नगर पालिकाओं के अध्यक्षों का कार्यकाल साढ़े चार वर्ष करने की तैयारी में है. बताया जा रहा है कि बुधवार को प्रदेश के कई नगर पालिका अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करते हुए कहा कि पार्टी के ही पार्षद और नेताओं द्वारा उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है इस दौरान उन्होंने राजनीतिक स्थायित्व की मांग करते हुए कार्यकाल बढ़ाने का अनुरोध किया. मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग को निर्देश दिए हैं कि अध्यक्षों का कार्यकाल साढ़े चार वर्ष करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए. माना जा रहा है कि आगामी मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है और संभवतः इस पर निर्णय भी लिया जा सकता है.

> यह निर्णय यदि पारित होता है तो न केवल विदिशा, बल्कि प्रदेश की अन्य नगर पालिकाओं में चल रही राजनीतिक खींचतान को विराम मिल सकता है. डिप्टी डायरेक्टर नगरीय प्रशासन आरके कार्तिकेय ने बताया कि प्रस्ताव तैयार हो गया है और अपर सचिव महोदय को प्रस्ताव भेजना है उसके बाद कैबिनेट में मंजूरी के लिए रखा जाएगा.

# 1500 अभियंता पर्यावरण संरक्षण पर करेंगे मंथन

**11 अगस्त को राजधानी में होगा बड़ा आयोजन**

**भोपाल, 8 अगस्त. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि विभाग अपने ध्येय वाक्य लोक निर्माण से लोक कल्याण को केवल सड़कों, पुलों और भवनों के निर्माण तक सीमित न रखते हुए अब पर्यावरण-संरक्षण और सतत विकास को भी विभागीय कार्यों का अभिन्न हिस्सा बना रहा है.**

इसी सोच को साकार करने और अभियंताओं में पर्यावरणीय जागरूकता को और गहरा करने के उद्देश्य से 11 अगस्त को रवींद्र भवन भोपाल में पर्यावरण से



समन्वय विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. यह ऐतिहासिक आयोजन प्रदेश के लगभग 1500 अभियंताओं को एक ही मंच पर एकत्र करेगा, जिसमें वे न केवल पर्यावरण-अनुकूल निर्माण तकनीकों का अध्ययन करेंगे बल्कि टिकाऊ विकास के नए आयाम भी सीखेंगे.

मंत्री सिंह ने बताया कि कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पर्यावरणविद् गोपाल आर्य, भास्करायचार्य संस्थान के महानिदेशक टीपी सिंह शामिल होंगे और अभियंताओं को प्रेरक संदेश देंगे. कार्यक्रम की रूपरेखा में उद्घाटन-सत्र, मुख्य अतिथियों के संबोधन, तकनीकी-सत्र और विशेष प्रशिक्षण-सत्र शामिल हैं. इस अवसर पर पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी. तकनीकी सत्र में भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष उपयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान गांधीनगर, गुजरात के विशेषज्ञ पीएम गतिशक्ति योजना के अंतर्गत डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की विधि पर विशेष प्रस्तुतीकरण देंगे.

**उठाए ये कदम**

**ट्री शिफ्टिंग:** पर्यावरण हितैषी तकनीकों के तहत पेड़ काटने के बजाय उन्हें स्थानांतरित करने की व्यवस्था लागू, पौधरोपण एवं ट्री-शिफ्टिंग के लिए निविदा दस्तावेज में प्रावधान.

**वॉटर रिचार्ज बोर:** वर्षा जल को जमीन में समाहित करने के लिये सड़क किनारे प्रत्येक किलोमीटर पर ग्राउंड वाटर रिचार्ज बोर की स्थापना. वर्तमान में 850 किमी सड़कों पर लगभग 1000 रिचार्ज बोर के लिए प्रावधान. वर्ष 2025-26 में 10 हजार रिचार्ज बोर निर्माण का लक्ष्य.

**सरोवर:** सड़क निर्माण में मुरम या कोपरा खुदाई को व्यवस्थित कर छोटे तालाबों का निर्माण किया. इनको लोक कल्याण सरोवर नाम दिया गया.

# नशा मुक्ति अभियान में विदेशी शराब की खपत

## विदेशी शराब 10.89% और बियर 4.47% बढ़ी

**भोपाल,08 अगस्त. मप्र सरकार ने 15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी, है जरूरी नामक 15 दिवसीय राज्यव्यापी अभियान चलाया था, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से बचाना और समाज को नशामुक्त बनाना था.**

अभियान में पुलिस ने व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक किया, लेकिन इसके बावजूद विदेशी शराब और बियर की खपत बढ़ गई. कांग्रेस नेता जीतू पटवारी ने इस ट्रेंड पर सरकार को घेरते हुए सोशल मीडिया पर लिखा..शराब की ऐसी बिक्री तभी बढ़ती है, जब



सरकार सस्ती होती है. आबकारी विभाग के मुताबिक, इस अवधि में विदेशी शराब की बिक्री में 10.89त्न और बियर की खपत में 4.47त्न का इजाफा हुआ. वहीं, देशी शराब की बिक्री में करीब 18 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई.पिछले वर्ष (15-31 जुलाई) की तुलना में इस साल की बिक्री के आंकड़े यही रुझान दिखाते हैं.विशेषज्ञों के अनुसार, उपभोक्ताओं की पसंद और रिटेलरों की बिक्री रणनीति ने यह पैटर्न बदला है.बीते तीन सालों से देशी और विदेशी शराब एक ही दुकान से बिक रही है, जिससे महंगी शराब की मांग बढ़ी है.चालू वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में विदेशी शराब की बिक्री में 19.16 प्रतिशत और बियर में 5.78 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई.भोपाल जिले में देशी शराब की बिक्री में 15त्न गिरावट

# तिरंगा आत्मगौरव और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक : देवड़ा

**भोपाल, 8 अगस्त. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि हर घर तिरंगा केवल सिर्फ एक अभियान नहीं, यह हमारे आत्मगौरव और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है.**

स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर देशभक्ति की भावना को सशक्त करें. उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान हमें हमारी आज़ादी के संघर्ष, बलिदान और समर्पण की याद दिलाता है. तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों



भारतीयों की भावनाओं, उम्मीदों और संकल्पों का प्रतीक है. हम सब मिलकर तिरंगे के नीचे एकजुट हों और अपने राष्ट्र को समर्पित भाव से प्रगति की ओर अग्रसर करें.

### बेबस नदी में 4 युवक डूबे

**सागर.** जिले के सानौधा थाना अंतर्गत रिछावर के समीप बेबस नदी में चार युवकों के डूबने की सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है और एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरु कर दिया है. सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार की सायंकाल थाना क्षेत्र के रिछावर से निकली बेबस नदी के समीप पांच पिकनिक मनाने गए थे जो कि सागर के केंट थाना क्षेत्र के खुशीपुरा निवासी बताए जा रहे हैं. पुलिस के अनुसार इनमें से एक युवक सुरक्षित निकल आया जिसने सूचना दी है. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस नदी में डूबे चारों युवकों की तलाश में जुट गई है.

# बैतूल में भोपाल जैसा बनेगा आईएसबीटी

## आयुक्त नगरीय प्रशासन ने बैतूल में विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**भोपाल, 8 अगस्त. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को बैतूल में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आईएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये.**

उन्होंने कहा कि बैतूल से नागपुर सहित महाराष्ट्र के अनेक स्थानों के लिये बड़ी संख्या में बसें जाती हैं. इस बात को ध्यान में रखते हुए यहां अंतर्राज्यीय बस स्टैंड की आवश्यकता ज्यादा है. उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में सभी आधुनिक व्यवस्थाओं का प्रावधान रखा जाएगा. बैठक में नगरीय प्रशासन एवं आवास की योजनाओं की समीक्षा की गई. इस मौके पर बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी भी उपस्थित थे.

> **राजस्व वसूली में तेजी लाएं**
>
> आयुक्त भोंडवे ने बैठक में मौजूद जिले के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि निकायों में गुड गवर्नेंस के लिए फेस रीडिंग अटेंडेंस को सुनिश्चित किया जाएं. स्ट्रीट लाइट के बिल कम करने के लिए एलईडी पेटर्न को अधिक से अधिक विकसित किया जाए. बैठक में विधायक एवं सांसद निधि के किये जाने वाले कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई. उन्होंने शहरी परियोजना अधिकारी कार्यालय में ई-ऑफिस के संचालन की तारीफ की.

**पावन-पर्व** | भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने दी रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं

# मानवीय संवदेना और राष्ट्र सुरक्षा का संकल्प है रक्षाबंधन

**भोपाल, 8 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेश की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समस्त बहनों की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रक्षाबंधन का मांगलिक पर्व मानवीय संवदेना, जनसरोकार तथा राष्ट्र सुरक्षा का संकल्प है. यह मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है. बहनें नई उमंगों और उत्साह के साथ भाईयों की कलाईयां रक्षा सूत्र से सजाती हैं.



सदियों से मनाये जा रहे इस पर्व में सात्विकता और सांस्कृतिक बोध समाहित हैं. यह सांस्कृतिक परम्पराओं और भारतीय आदर्शों का पर्व है एवं बहनों की सुरक्षा तथा सशक्तीकरण को रेखांकित करता है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने प्रदेश की समस्त बहनों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी है.

### सीएम ने रक्षाबंधन पर्व पर बहनों को शुभकामनाएं दी

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी धर्मावलंबी बहनों को शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा सभी त्यौहारों में भाई-बहन के त्यौहार रक्षाबंधन का विशेष महत्व है, जो गरीब-अमीर, ऊंच-नीच और धर्मों के बंधन से परे केवल स्नेह की भाषा जानता है. राखी के त्यौहार पर स्नेह के पवित्र धागे जीवनभर साथ निभाने का संकल्प दिलाते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनों के सुहाग के साथ आतंकवादियों द्वारा किए गए अत्याचार का प्रतिकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से किया.

### रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं. उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह पर्व हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा को अभिव्यक्त करता है. रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और आपसी जिम्मेदारी का प्रतीक है. यह पर्व हमें नारी सम्मान, सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं. 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' और 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' जैसी योजनाएं बहनों को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं.



### राज्यपाल ने दीं पर्व की शुभकामनाएं

**भोपाल, 8 अगस्त. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.**

उन्होंने कहा है कि राखी का पर्व, भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का त्यौहार है. यह हमारी गौरवशाली संस्कृति के गरिमामय उत्कर्ष का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि राखी के पर्व पर हमें मातृ शक्ति के सम्मान, सहयोग और सशक्तिकरण में सहभागिता का संकल्प लेना चाहिए.

### भूरिया ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को दी शुभकामनाएं

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने रक्षाबंधन पर्व पर सभी लाड़ली बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और संरक्षण का अद्भुत प्रतीक है, जो रिश्तों में अटूट विश्वास और स्नेह का संचार करता है.